पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

स्किल इण्डिया मिशन को गति दें

युवा कौशल विकास के जरिए खुद को और देश को आत्मनिर्भर बनाएं

शैक्षिक संस्थान विद्यार्थियों के कौशल विकास को प्राथमिकता दें

नई शिक्षा नीति नई पीढ़ी को सुनहरे भविष्य की ओर ले जाने में समर्थ

— श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ: 13 मई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज नई दिल्ली में एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ऑफ इण्डिया (एसोचैम) द्वारा आयोजित 15वें अन्तर्राष्ट्रीय एजूकेशन एण्ड स्किल डेवलपमेन्ट समिट में सहभाग किया। अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि एसोचैम संगठन से जुड़े महानुभाव जिस प्रकार देश के औद्योगिक विकास में योगदान दे रहे हैं, उसी प्रकार युवाओं के कौशल विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दें। आज प्रत्येक क्षेत्र में भारत के युवा अपना परचम लहराने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को स्किल इण्डिया मिशन को गति देनी है।

राज्यपाल जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन एसोचैम भारतीय उद्योग और व्यावसायिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में, विशेषकर उच्च शिक्षा के उत्थान की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया के लिए

एक स्मार्ट और कुशल श्रम समाधान भारत दे सके, यह हमारे नौजवानों की कौशल रणनीति के मूल में होना चाहिए। तेजी से प्रौद्योगिकी बदल रही है, ऐसे में आने वाले वर्षों में कुशल लोगों की मांग तेजी से बढ़ेगी। इसलिए हमारे युवाओं को अपने कौशल को और निखारने का प्रयास अनवरत करना चाहिए। युवा कौशल विकास के जरिए खुद को और देश को आत्मनिर्भर बनाएं।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति में पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही विद्यार्थियों को स्कूल और उच्च शिक्षा में व्यावसायिक और कौशल शिक्षा के पाठ्यक्रमों से दीक्षित किए जाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई शिक्षा नीति नई पीढ़ी को सुनहरे भविष्य की ओर ले जाने में समर्थ है। इसलिए शैक्षिक संस्थान विद्यार्थियों के कौशल विकास को प्राथमिकता देकर उन्हें उद्यमिता के लिये तैयार करें।

इस अवसर पर यू0जी0सी0 के चेयरमैन प्रोफेसर एम0जे0 कुमार, ए0आई0सी0टी0ई0 के चेयरमैन प्रोफेसर अनिल डी. सहस्रबुद्धे, सनस्टोन एजुकेशन के सह–संस्थापक श्री पियूष नंगरू एसोचैम के अध्यक्ष श्री सुमंत सिन्हा जी, एसोचैम के चेयरमैन श्री कुंवर शेखर विजेन्द्र सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति, कुलपति, प्राचार्य, डीन, निदेशक, शिक्षाविद् और छात्र भी उपस्थित थे।

——————

चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी/राजभवन (202/11)
सम्पर्क सूत्र–9044381834

ASSOCHAM
15th INTERNATIONAL
Education Leadership &
Skill Development Summit

Friday, 13th
ASSOCHAM